मॉडल प्रश्न–पत्र–III

कक्षा – बारहवीं

विषय – इतिहास

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश–1. प्रश्न क्रमांक 1 में चार खण्ड है। प्रत्येक खंड में 5–5 अंक आबंटित है।

2. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 25 शब्द है।
3. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

प्रश्न 1. **(खण्ड 'अ') सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

(1) सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन किस दिल्ली सन्तनत के शासक ने किया था–

(अ) इल्तुतमिश (ब) अलाउद्दीन खिलजी

(स) मोहम्मद–बिन–तुगलक (द) बलबन

(2) कावेरी डेल्टा किस फसल के लिए प्रसिद्ध है–

(अ) चांवल (ब) मक्का

(स) गेहूँ (द) बाजरा

(3) सातवाहन साम्राज्य में प्रशासन की सबसे छोटी इकाई थी–

(अ) जिला (ब) प्रांत

(स) तहसील (द) ग्राम

(4) बंगाल के प्रमुख भक्ति संत थे–

(अ) कबीर (ब) अमीर खुसरो

(स) चैतन्य (द) तुकाराम

(5) दोहरा शासन प्रणाली का संबंध किस प्रांत से था–

(अ) पंजाब (ब) बिहार

(स) बंगाल (द) उड़ीसा

(खण्ड 'ब') एक शब्द में उत्तर दीजिए–

(1) किस लिपि में ज्यादातर आधुनिक भारतीय लिपियाँ निकली है ?

(2) ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना कब हुई थी ?

(3) बर्लिन की दीवार कब गिरी थी ?

(4) क्रांतिकारी पत्रिका की शुरूआत किसने की थी ?

(5) संथाल विद्रोह कौन–से क्षेत्र में हुआ था ?

(खण्ड 'स') रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(1) हड़प्पा सभ्यता की लिपि .... से लिखी जाती है।

(2) महायान सम्प्रदाय का संबंध .... धर्म से है।

(3) भारत एक .... देश है।

(4) पानीपत का प्रथम युद्ध .... ई. में हुआ था।

(5) सैय्यद वंश का संस्थापक .... था।

(खंड 'द') सत्य/असत्य लिखिए–

(1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1775 में हुई थी।

(2) अष्ट प्रधान का संबंध मराठा प्रशासन से था।

(3) नाजीवाद के प्रणेता हिटलर थे।

(4) एशिया एवं अफ्रीका तीसरी दुनिया के देश है।

(5) रेशमी कपड़े सूती कपड़ों से सस्ते होते हैं।

प्रश्न 2. किन्हीं दो गैर हड़प्पा कालीन ताम्र पाषाण सभ्याताओं के नाम लिखिए।

प्रश्न 3. इंडिका का लेखक कौन था ?

प्रश्न 4. महमूद गवां कौन था ?

प्रश्न 5. पानीपत में बाबर की युद्ध रणनीति क्या थी ?

प्रश्न 6. अहिल्या बाई कौन थी ? उसने कब से कब तक शासन किया ?

प्रश्न 7. औद्योगिक क्रांति का क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 8. दोहरा शासन प्रणाली क्या है ?

प्रश्न 9. भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत कब और किसने की थी ?

प्रश्न 10. 'लोहे का आवरण' नामक प्रसिद्ध शब्दावली किस नेता ने गढ़ी थी ?

प्रश्न 11. पूंजीवादी औद्योगीकरण के फलस्वरूप कौन से दो वर्गों का उदय हुआ था ?

प्रश्न 12. ऋग्वेद की रचना किस काल में की गई थी ?

प्रश्न 13. कलमकारी से क्या अभिप्राय है ? (2)

प्रश्न 14. प्राचीन आर्यो में कौन–सी आर्थिक गतिविधियाँ प्रचलित थी ? लिखिए।

प्रश्न 15. दिल्ली सल्तनत पर तैमूर के आक्रमण के तीन प्रभाव लिखिए।

प्रश्न 16. निजामत और दीवानी को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 17. धुरी राष्ट्र मे कौन–कौन से देश सम्मिलित थे ?

प्रश्न 18. बड़े कारखानों के उदय ने श्रमिकों को किस प्रकार प्रभावित किया ?

प्रश्न 19. मनसबदारी प्रथा क्या है ? और इसे किसने प्रारंभ किया था।

प्रश्न 20. अशोक के धम्म की चार प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

तीन शक्तियों के मध्य संघर्ष के मुख्य चार कारणों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 21. विभिन्न भक्ति संतों की शिक्षाओं में क्या समानताएँ थी ? उल्लेख कीजिए।

अथवा

गुरूनानक देव जी की शिक्षाओं के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 22. दादा भाई नौरोजी ने आर्थिक राष्ट्रवाद के विकास में किस प्रकार योगदान दिया ?

अथवा

गांधीजी द्वारा असहयोग आंदोलन के स्थगित करने का कारण क्या था ? उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 23. संस्कृति के सम्प्रेषण का क्या आशय है इनके प्रमुख साधन कौन–कौन से थे ?

अथवा

विज्ञापन दाता किस तरह आपको उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित करते है ? उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 24. लोहे के तकनीकी ज्ञान से कृषि के विस्तार में किस प्रकार सहायता मिली ?

अथवा

मध्य पाषाण काल में हुए जलवायु के परिवर्तनों ने शिकार की पद्धतियों में कैसे परिवर्तन संभव किया लिखिए।

प्रश्न 25. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष क्या है ? यह किन देशों के लिए ऋण की व्यवस्था करता है ?

अथवा

सार्वजनिक जीवन में धर्म की भूमिका वर्तमान में काफी कम हुई है ? व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 26. किस विशिष्ट मुद्दों पर असहयोग आंदोलन की शुरूआत हुई थी।

अथवा

भारत छोड़ो आंदोलन के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 27. प्रथम विश्व युद्ध के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

रूस की क्रांति के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।